## एक नजर में



### विद्यार्थियों को दिया कॅरियर संबंधी प्रशिक्षण

**सीहोर.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंबर 1 में व्यवसायिक शिक्षक अमित जैन और दुष्यंत छोकर के माध्यम से पांच दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया था. जिसका समापन शनिवार को किया गया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों की उपस्थिति में विशेषज्ञ और अधिकारियों ने कॅरियर काउंसलिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजीटल प्रशिक्षण, विषय अनुरूप, रुचि अनुरूप, व्यावसायिक, विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि छात्रों को कॅरियर काउंसलिंग का मार्गदर्शन देना और छात्रों को अपना रुचि पूर्ण कॅरियर चुनना ही, इस कॅरियर काउंसलिंग का उद्देश्य है.



### विधायक ने संरपचों को दिलाया पौधारोपण का संकल्प

**सीहोर.** पर्यावरण सरक्षण के लिए विधायक सुदेश राय ने कार्यालय पहुंचे सरपंचों को पंचायत क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया. विधायक श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान को हमें सर्थक करना है. नौनीखेड़ी गोसाई ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप दांगी को विधायक सुदेश राय ने नीम, पीपल, जामुन, आम, अमरूद, पौधे भेंट किए. इस मौके पर एलम सिंह दांगी, सुदीप प्रजापति, सुनील राय मौजूद थे.




### यूजीसी बिल के संबंध में ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** ओबीसी महासभा द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा गया. श्याम मीणा ने कहा कि ओबीसी महासभा यूजीसी बिल का सिद्धांत समर्थन करती है. एवं यह मानती है कि सामाजिक न्याय, आरक्षण एवं समान अवसर की स्पष्ट गारंटी के साथ यह बिल भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा. ज्ञापन सौंपने वालों में चंदरसिंह मेवाड़ा, बीएस भदोरिया, अजय पचलासिया, जनमसिंह परमार, रोहित, राजकुमार, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, संतोष वर्मा, रोहित परमार, मुकेश कुशवाह, बृजेश मेवाड़ा, हरिश लोधी, दिनेश पाटीदार आदि उपस्थित थे.



### समाज ने मनाया भगवान विश्वकर्मा का प्रकटोत्सव

**सीहोर.** विश्वकर्मा सुतार समाज के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का प्रगटोत्सव भगवान विश्वकर्मा मंदिर में मनाया गया. विश्वकर्मा ओबीसी समाज द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए यूजीसी कानून का समर्थन किया. मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से मंदिर परिसर में टीनशेड का निर्माण कराने की बात कही. श्री राय ने कहा कि अगले साल टेंट के नीचे नहीं बड़े टीनशेड के नीचे विश्वकर्मा समाज भगवान का प्रकटोत्सव मनाएगा. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने उपयोगी भवन निर्माण कराने की घोषणा की. कमल किशोर विश्वकर्मा, नीलु विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, मदनमोहन विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, नन्दकिशोर विश्वकर्मा, राकेश, हेंमत, पवन ने अतिथियों का स्वागत किया. इस मौके पर दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, संतोष, रेशम नारायण, राजेश, गोवर्धन शंकर, शिवजीराम, पटेल मुकेश विश्वकर्मा, विजय, मदनलाल पिपलोदिया आदि उपस्थित थे.

## किसान कल्याण वर्ष 2026 : छतरपुर में निकली कृषक मोटरसाइकिल रैली

- कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने परिसर से दिखाई हरी झंडी
- 100 से अधिक मोटरसाइकिलों के साथ किसानों की सहभागिता



**छतरपुर,01 फरवरी. किसान कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर जिले में किसानों की सक्रिय सहभागिता के साथ कृषक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया.**

रैली की शुरुआत जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर परिसर से हुई, जहां कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया.

मोटरसाइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. यह रैली छत्रसाल चौराहा, स्टेडियम, पुलिस लाइन, जेल रोड, संकट मोचन, किशोरी नदी बायपास, फुला देवी रोड, महोबा रोड, सेंट्रल स्कूल, आरटीओ कार्यालय और कृषि विभाग कार्यालय के सामने से होते हुए बस स्टैंड, जवाहर रोड एवं आकाशवाणी चौराहा के रास्ते पुन: कलेक्टर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई.

इस रैली में छतरपुर, नौगांव, राजनगर और बिजावर सहित जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने भाग लिया. लगभग 100 से 125 मोटरसाइकिलों के साथ बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए, जिससे आयोजन उत्साहपूर्ण और अनुशासित रहा.

रैली में शामिल किसानों ने अपनी मोटरसाइकिलों पर तख्तियां, झंडे और बैनर लगाए हुए थे, जिन पर किसान कल्याण से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं और जागरूकता संदेशों को प्रदर्शित किया गया था. रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा.

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन किसानों के सम्मान, सशक्तिकरण और समग्र कल्याण की दिशा में एक सकारात्मक पहल हैं. इससे किसानों को योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ समाज में कृषि के महत्व को भी रेखांकित किया जाता है.

## यूजीसी विरोध में बंद का मिला जुला असर



**हरपालपुर,01 फरवरी. स्वर्ण समाज के तत्वाधान में रविवार को नगर बंद के आव्हान का मिला जुला असर देखने को मिला,यूजीसी के नए नियमों के विरोध को लेकर युवा सडक पर उतर आये, सुबह 11 बजे से स्वर्ण समाज के युवाओं ने नारायण आश्रम के पास से पैदल मार्च करते हुए मेन मार्केट, नारायण गंज रेलवे कांसिग होते हुए राजपूत कालोनी पहुंचकर दुकानदारों से अपनी दुकाने बंद करने की अपील की.**

इस दौरान बाजार बंद कराने पहुंचे स्वर्ण समाज के लोग बंद करो बंद करो अपनी दुकानें बंद करो यूजीसी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए यूजीसी के नए नियमों का विरोध करते हुए भारत देश की अखण्डता सम्प्रभुता सामाजिक समरसता के लिए खतरा बताया, यूजीसी लाने के पीछे का उद्देश्य जिसमें बताया गया था, उच्च शिक्षण संस्थानों में धर्म नस्ल, लिंग जन्म स्थान या विकलांगता के आधार पर विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछडे वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग विकलांगो के साथ भेदभाव को खत्म करना है, नए नियम में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा भी दी गई है.

वहीं आपत्ति दर्ज करने वालों का कहना था,सामान्य वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व क्यों नही है,उनके मुताबिक निष्पक्ष जांच के लिए समिति में सामान्य वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व भी जरूरी है विश्वविधालय के नए नियमों को लेकर सुप्रीमकोर्ट ने 19 मार्च तक रोक लगा दी है.



## पीएम आवास योजना की किस्त को लेकर दो पड़ोसी आपस में भिड़े

- जुबानी बहस के बाद गाली-गलौच और हाथापाई, वीडियो हुआ वायरल
- सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत व वीडियो के आधार पर दर्ज किया मामला

**छतरपुर,01 फरवरी. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फूलादेवी मंदिर के पास स्थित बंधियन मोहल्ले में प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच विवाद हो गया.**

पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में गाली-गलौच और हाथापाई में बदल गई. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जानकारी के अनुसार, नगरपालिका की टीम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक परिवार को दूसरी किस्त जारी होने के बाद मकान निर्माण की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंची थी. इसी दौरान पड़ोसी पाल परिवार के सदस्य वहां पहुंचे और किस्त को लेकर सवाल उठाने लगे. इस बात पर दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई.

> घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया. थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि पायल पाल और दशरथ पाल की शिकायत तथा वायरल वीडियो के आधार पर दूसरे पक्ष के इस्माइल राईन, छोटू राईन और गोलू राईन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 एवं 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं प्रशासन ने नागरिकों से शासकीय योजनाओं को लेकर आपसी विवाद न बढ़ाने और किसी भी समस्या की स्थिति में कानूनी माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की अपील की है.



## चंदला में संत रविदास जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**चंदला,01 फरवरी. नगर में संत शिरोमणि रविदास जयंती के शुभ अवसर पर रविवार को अहिरवार समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजजन एकत्रित हुए और शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक शामिल हुए.**

शोभायात्रा दोपहर करीब 11 बजे चौड़ीपुरवा से प्रारंभ होकर बंसिया तिराहा, बस स्टैंड, रेस्ट हाउस मार्ग से होती हुई संतोषी माता मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ. यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया.

शोभायात्रा में युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ भागीदारी की, वहीं महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही. गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा. शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण संत रविदास की भव्य एवं आकर्षक झांकी रही, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे. समापन अवसर पर चंदला विधायक एवं राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे मार्ग में पुलिस बल तैनात रहा. शोभायात्रा के सफल आयोजन से नगर में सामाजिक एकता और उत्साह का संदेश देखने को मिला.

## एसआईआर बनी चुनौती, 36 फीसदी मतदाता ही पेश हो सके

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 फरवरी. जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) की प्रक्रिया चुनौती बनती जा रही है. जिले में कुल 11 हजार 335 अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनकी सुनवाई और सत्यापन की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर ( बीएलओ ) को दी गई है. इसके लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं.**

लेकिन खास बात यह है कि 11 हजार 335 में से अब तक मात्र 36 फीसदी मतदाता ही सुनवाई में शामिल हुए हैं. यानी कि अनमैप्ड मतदाताओं में से 3 हजार 218 मान्य कर लिए गए हैं, जबकि 940 अमान्य किए गए हैं. विधानसभा के हिसाब से नजर डालें तो सभी जगह की स्थिति चिंताजनक है. बुदनी विधानसभा में कुल 2945 अनमैप्ड मतदाताओं में से 981 ही मान्य हुए हैं जबकि 57 अमान्य हो चुके हैं. यही स्थिति आष्टा विधानसभा की भी है. यहां कुल 2592 अनमैप्ड मतदाताओं में 798 मतदाता मान्य और 92 मतदाता अमान्य हुए हैं.

## बाबा साहब की प्रतिमा की सुरक्षा ग्रामीणों ने संभाली

- जाली और हाईटेक कैमरों से किया संरक्षण



**छतरपुर, 01 फरवरी. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बारी गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा अब ग्रामीणों ने स्वयं संभाल ली है. पिछले वर्ष प्रतिमा चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों ने इसे आस्था, सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा मुद्दा मानते हुए सामूहिक पहल की.**

जानकारी के अनुसार, 10 मार्च 2025 को गांव में 18 इंच ऊंची पत्थर की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसे 12 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया. इस घटना से गांव में भारी आक्रोश फैल गया था. बाद में प्रशासन द्वारा करीब ढाई फीट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित कराई गई और कुछ समय तक पुलिस बल भी तैनात रहा, लेकिन धीरे-धीरे निगरानी कम हो गई.

इसके बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से चंदा एकत्र कर प्रतिमा की सुरक्षा का जिम्मा खुद उठा लिया. समाज के लोगों ने लगभग ढाई लाख रुपये जुटाकर प्रतिमा के चारों ओर 10 * 10 फीट का लोहे का जालीदार पिंजरा, बैरिकेट्स और 360 डिग्री सेंसर युक्त हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगवाए. यह कैमरा करीब 100 मीटर के दायरे में हर गतिविधि पर नजर रखता है.

कैमरे को ग्रामीणों के मोबाइल फोन और सीधे थाने से भी जोड़ा गया है. ग्रामीणों का कहना है कि वे स्वयं इसके रखरखाव का खर्च उठा रहे हैं. संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि बाबा साहब की प्रतिमा उनके अधिकार, सम्मान और सामाजिक चेतना का प्रतीक है.

**टूर्नामेंट** | पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में खजुराहो अनुभाग को हराया

## पुलिस परेड ग्राउंड में क्रिकेट का रोमांच, सीएसपी टीम बनी विजेता




**छतरपुर,01 फरवरी. नगर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट ने पुलिसकर्मियों और खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह पैदा किया. जिले के विभिन्न पुलिस अनुभागों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला.**

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 2 बजे खेला गया. फाइनल मैच में सीएसपी अनुभाग की टीम और खजुराहो अनुभाग की टीम आमने-सामने रहीं. दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. हालांकि, सीएसपी टीम ने संतुलित बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर खजुराहो अनुभाग की टीम को पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया. मैच के दौरान खिलाड़ियों का जोश और मैदान पर मौजूद दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था.

हर चौके-छक्के और विकेट पर तालियों की गूंज सुनाई दी. टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों के बीच आपसी समन्वय, शारीरिक फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देना था, जिसमें यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा. फाइनल मुकाबले के बाद विजेता सीएसपी टीम और उपविजेता खजुराहो टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. अधिकारियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों के निरंतर आयोजन की बात कही.

## वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

### सब्जी लेकर पैदल घर लौट रहे रमेश शिवहरे को वाहन ने मारी टक्कर



**छतरपुर,01 फरवरी. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घूरा के पास फोरलेन सड़क पर बीती शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान ग्राम घूरा निवासी रमेश शिवहरे के रूप में हुई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रमेश शिवहरे बमीठा से सब्जी खरीदकर पैदल अपने गांव घूरा लौट रहे थे. इसी दौरान आजगांव के पास फोरलेन सड़क पर तेज गति से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए.

घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल रमेश को बमीठा अस्पताल पहुंचाया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद रमेश शिवहरे को मृत घोषित कर दिया.

सूचना मिलने पर बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने मर्ग कायम कर चार पहिया वाहन की तलाश और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है. इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है.